# O X F O R D   P U B L I C   S C H O O L

AFFILIATED TO C.B.S.E. DELHI, SCHOOL CODE No: 66318
Pragati Path, Ranchi 834 001, Jharkhand
Website: **www.oxfordpublicschool.nic.in**; E-mail: oxfordpsranchi@rediffmail.com

Phone : 7485096731


**प्रेस विज्ञप्ति**

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में संस्कृत सप्ताह का सफल आयोजन एवं समापन

दिनांक: 08 अगस्त 2025

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल रांची में दिनांक 7 व 8 अगस्त को "संस्कृत सप्ताह" का भव्य आयोजन किया गया। इस सप्ताह का उद्देश्य विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा के प्रति रुचि जागृत करना, उसके साहित्यिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्त्व को समझाना तथा व्यावहारिक प्रयोग को प्रोत्साहित करना था।

संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत विविध शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें संस्कृत श्लोक पाठ, नाट्य मंचन, भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं समूह गान जैसी गतिविधियाँ प्रमुख रहीं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता तथा भाषिक क्षमता का अद्भुत प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के शैक्षणिक निदेशिका डॉ. सिमी मेहता उपस्थित रहीं। उन्होंने अपनी बात संस्कृत भाषा में बड़े प्रभावशाली ढंग से रखा और कहा कि संस्कृत भाषा की समृद्ध परंपरा और उसकी वर्तमान प्रासंगिकता प्राचीन होकर भी अत्याधुनिक एवं वैज्ञानिक है। विद्यालय के प्राचार्य रंजीत कुमार ठाकुर ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और शिक्षणेतर कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्कृत भाषा केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि आज की चेतना और भविष्य की दिशा भी है।

कार्यक्रम का सफल संचालन संस्कृत विभाग के समस्त शिक्षकों के मार्गदर्शन में हुआ। अंत में विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र वितरण की तिथि की घोषणा की गई।

संस्कृत सप्ताह का यह आयोजन विद्यालय में भाषिक जागरूकता, सांस्कृतिक गौरव और एकात्मता की भावना को और अधिक सशक्त करने में सहायक सिद्ध हुआ।